प्रेषक,
रणजीत कुमार,
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट न0 6,मुरादाबाद।

सेवा में,
श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।

विषय– वित्तीय वर्ष 2012–2014 हेतु सम्पत्ति विवरण के संबंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद के Circular Letter No 63/IV-h-16/Admin (A-4)dated 10.12.1998 तथा Circular Letter No 16/IV-h-16/Admin (A-4) dated 13.05.2004 एवम् अद्यतन पत्रांक संख्या 14325 /IV-h-16/Admin (A-IV) dated 03 December 2021, Allahabad के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2012–2014 के लिए चल एवम् अचल सम्पत्ति के बाबत सम्पत्ति विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

सम्पत्ति विवरण विलम्ब से प्रेषित करने के संबंध में महोदय से निवेदन है कि कार्य व्यस्तता के कारण समय से सम्पत्ति विवरण तैयार कर प्रेषित नही किया जा सका, जिसके लिए मै क्षमा प्रार्थी हूँ। प्रार्थी द्वारा भविष्य में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बिना किसी त्रुटि के समय से सम्पत्ति विवरण प्रेषित किया जायेगा।

अतः महोदय से निवेदन है कि सम्पत्ति विवरण प्रेषित करने मे विलम्ब को क्षमा करते हुए प्रस्तुत सम्पत्ति विवरण स्वीकृति हेतु माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

प्रार्थी सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

दिनॉक :– 10–12–2021

भवदीय

Ranjeet Kumar

(रणजीत कुमार)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट न0 6,मुरादाबाद।
(आई0डी0सं0– UP-6509)